# संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं
सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश
E-mail : idspssu@mp.gov.in, Phone : 0755-4094192


क्र./आई.डी.एस.पी./20/75 भोपाल, दिनांक 28/01/2020

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जिला :– भोपाल एवं इंदौर, म.प्र.।

विषय :– **Noval Corona Virus (n-Cov) बीमारी के संबंध में।**

उपरोक्त विषय में लेख है कि चीन, जापान एवं थाईलेंड देश से लौट रहे यात्रियों को नोवल कोरोना वायरस (Noval Corona Virus (n-Cov)) के लिए निगरानी में रखा जाना है। उक्त देशों से आये यात्रियों की भोपाल एवं इंदौर एयरपोर्ट पर आने की संभावना हो सकती है। यात्रियों में नोवल कोरोना वायरस के लक्षण जैसे बुखार, खाँसी, सांस लेने में तकलीफ आदि पाये जाते है, तो गाईड लाईन का कड़ाई से पालन किया जावे।

अतः उक्त के संबंध में आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने जिले के एयरपोर्ट अर्थोरिटी से संपर्क कर उक्त देशों से आने वाले यात्रियों की एयरपोर्ट पर मेडिकल टीम (मेडिकल ऑफिसर, नर्स एवं पैरामेडिकल स्टॉफ) जिनके द्वारा लौट रहे यात्रियों का स्वास्थ्य परिक्षण किया जाए एवं उक्त बीमारी संबंधी किसी भी प्रकार के लक्षण पाये जाने पर उसकी रोकथाम एवं नियंत्रण किया जा सके। साथ ही यात्रियों द्वारा सेल्फ डिक्लेरेशन फार्म (Self Declaration Form) भरवाए एवं उनकी सूचना तत्काल राज्य सर्विलेंस इकाई को आवश्यक रूप से दी जाना सुनिश्चित करें।

**Noval Corona Virus (n-Cov) के प्रभावित देशों से आ रहे यात्रियों की जानकारी प्रदाय किये गये प्रपत्रों में राज्य सर्विलेंस इकाई एवं केन्द्रीय सर्विलेंस इकाई के ईमेल idspnpo@nic.in, himanshu.chauhan@nic.in, jyoti.idsp@gmail.com, idspssu@mp.gov.in पर प्रतिदिन भेजें तथा उक्त वायरस की अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.who.int का उपयोग करें।**

संलग्न :– गाईडलाईन–क्लीनिकल मैनेजमेंट, सेम्पल कलेक्शन एवं ट्रांसपोर्ट, ट्रेवल गाईडलाईन, रिपोर्टिंग प्रपत्र एवं सेल्फ डिक्लेरेशन फार्म ।

28/1/2020
(डॉ.राजेश कठल)
संयुक्त संचालक, आई.डी.एस.पी.
संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, म.प्र.

पृ.क्र./आई.डी.एस.पी./20/ भोपाल, दिनांक......................

प्रतिलिपिः– कृपया सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

1. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
2. आयुक्त स्वास्थ्य, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, भोपाल, म.प्र.।
3. मिशन संचालक, एन.एच.एम., अरेरा हिल्स, जेल रोड, भोपाल।
4. संचालक, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, भोपाल, म.प्र.।

निरंतर........2

5. क्षेत्रिय संचालक, स्वास्थ्य सेवाऐं, संभाग भोपाल एवं इंदौर, म.प्र.।
6. जिला सर्विलेंस अधिकारी / जिला एपिडिमियोलॉजिस्ट / प्रभारी जिला एपिडिमियोलॉजिस्ट, जिला भोपाल एवं इंदौर, म.प्र.।

संयुक्त संचालक, आई.डी.एस.पी.
संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, म.प्र.